प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को परखा : कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा निर्देश।
2. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित : हाईस्कूल में कशिश वर्मा और अंशिका वर्मा, इंटरमीडिएट में शिखा वर्मा बनीं टॉपर।
3. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल लखनऊ में करेंगे क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन की अध्यक्षता : कृषि विकास और किसान हित की योजनाओं और चुनौतियों पर किया जाएगा संवाद।

और

4. मिर्जापुर में अनियंत्रित ट्रक की तीन गाड़ियों से हुई टक्कर में 12 लोगों की मौत : प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 अप्रैल को हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई पहुंचकर कर तैयारियों की समीक्षा

की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पंडाल की गुणवत्ता, पेयजल की उपलब्धता, साफ–सफाई, शौचालय व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मल्टी–लेयर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाले गंगा एक्सप्रेस–वे की लंबाई करीब 594 किलोमीटर है, जो मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज में समाप्त होगा। यह मार्ग पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी हिस्से से जोड़ते हुए यात्रा को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। आकाश शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, हरदोई।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में राप्ती नदी के पास 2 दशमलव 290 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़–मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबाधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेफ और स्मार्ट सिटी विजन के अनुरूप प्रदेश के सभी नगर निगम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बाइट....

*स्मार्ट एंड सेफ सिटी के रूप में अब उत्तर प्रदेश के सभी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाया है। सड़कें सीएम ग्रिड के अंदर आज स्मार्ट सड़कें बन रही हैं। स्वच्छता के कार्यक्रम को कैसे आगे बढ़ाना है? यह सारी चीजें आज हम देख रहे हैं नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम*

*के अंतर्गत। यह सभी कार्यक्रम आज आगे बढ़ रहे हैं प्रत्येक वार्डों में एंड टू एंड पेविंग ग्रीन एंड मिनी फॉरेस्टेशन का कार्य भी हर एक स्थान पर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।*

——————————

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्डकी दसवीं और 12वीं कक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत 90 दशमलव 42 रहा, जबकि इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 80 दशमलव 38 रहा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि दसवीं में सीतापुर की कशिश वर्मा और जैदपुर बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97 दशमलव 83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप कियाह। वहीं इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखावर्मा 97 दशमलव 60 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर बनी हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी परीक्षाएं पूरी तरह से नकलविहीन औऱ पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराई गई हैं। बाइट.....**

*इस कारण इस वर्ष की परीक्षाएं पूर्णतरू नकल विहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इसी का सुखद परिणाम है कि आज हम इस समय से परीक्षा फल घोषित कर रहे हैं। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 के मध्य संपन्न हुई। 8,033 परीक्षा केंद्रों पर केवल 15 कार्य दिवसों में यह परीक्षा संपन्न कराई गई। उत्तर पुस्तकों का मूल्यांकन 18 मार्च 2026 से 4 अप्रैल 2026 के मध्य 254 निर्धारित मूल्यांकन केंद्रों पर तरीके से 15 दिवसों में कार्य पूर्ण किया गया। इस वर्ष हाई स्कूल के परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 है और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.38 है।*

परिणाम परिषद की वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देखा जा सकता है।

——————————

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई दसवीं परीक्षा 2026 का दूसरा चरण 15 मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वे इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है।

——————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल लखनऊ में कृषि मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर ज़ोन के क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उद्‌घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। इस जोनल कान्फ्रेन्स में उत्तर प्रदेश के साथ–साथ उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली समेत 9 राज्यों के कृषि मंत्री और अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कृषि

विकास और किसानों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा। बाइट.....

*राज्यों के किसानों और केवी के स्टार्टअप एफपीओ नावाड बैंकों और मिल मालिकों प्रशिक्षण इकाइयों के साथ कृषि मंत्री जी चर्चा के भीतर करेंगे। बागवानी की संभावनाओं पर चर्चा प्रधानमंत्री मिशन की प्रगति और उसकी चर्चा की समीक्षा होगी। विशेष रूप से जिन कार्यक्रमों को अपने यहां चलाया है और जो किसानों के कल्याण के लिए या उनकी आमदनी के दृष्टि से वह महत्वपूर्ण रहे उनका प्रेजेंटेशन भी कुछ विषयों पर होने वाला है।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन संबंधी नियम–2026 को अधिसूचित कर दिया है। यह पहली मई से लागू होंगे। इसका उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करना, नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करना है।

————————

सिद्धार्थनगर में सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में आज जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री पाल ने कहा कि विधायिका में महिला आरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का समर्थन करती हैं जबकि विपक्षी दल इसमें बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

———————

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज मिर्ज़ापुर में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी को न्याय और भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। बाइट.....

*नारी शक्ति बंधन अधिनियम देश की आधी आबादी को न्याय और भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। जो पूरे देश की आधी आबादी देश की महिलाओं में एक भारी उत्साह था। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसी भागीदारी से एक कदम आगे बढ़कर महिलाओं के स्वाभाविक अधिकार से जुड़ा, उनके स्वाभाविक अधिकार से जुड़ा लेकिन जो विपक्ष है, विपक्ष जो मुद्दा विहीन है।*

———————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल कीकीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

————————

मिर्जापुर जिले के ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र में बड़का घुमान के पास कल देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक की तीन अलग–अलग गाड़ियों से हुई टक्कर में बारह लोगों की मौत हो गई। हादसे पर प्रधानमंत्री ने दुख जतात हुए मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख और घायलों को 50–50 हज़ार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारजनों को 2 –2 लाख रुपए देने के निर्देश दिए हैं।

————————

उत्तराखंड के चमोली जिलेमें स्थित बद्रीनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर वैदिक मंत्रोंच्चार और पारंपरिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर देशभर से हजारों तीर्थयात्री उपस्थित थे। इसके साथ ही उत्तराखंड के चारों धाम तीर्थस्थल अब श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं।

————————

प्रदेश के अधिकांश ज़िले भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। बीते 24 घंटों में 43 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म स्थानों में तीसरे नम्बर पर रहा। जबकि प्रयागराज 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे स्थान पर रहा। मौसम

विभाग ने आगामी दो दिनों में राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)